**खबर संक्षेप**

### जनप्रतिनिधियों से जाने गये क्रियान्वयन के सुझाव और फीडबैक

**मण्डला।** शासन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा जिले में संचालित विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों से शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक तथा सुझाव प्राप्त किए गए। कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में विधायक बिछिया नारायण पट्टा, विधायक निवास चैनसिंह वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे। बैठक में राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक के बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. सिडाना ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों एवं हितलाभ वितरण तथा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के तहत संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत प्रत्येक बैगा बस्तियों का सर्वे कर व्यक्तिगत तथा सामुदायिक लाभ वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर ने मंडला-बरेला मार्ग एवं पदमी-घुघरी मार्ग सहित अन्य सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कराएं। सीमांकन, बटवारा तथा नामांतरण के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित करें। मनरेगा के तहत रोजगारमूलक कार्यों को प्राथमिकता दें।

**मण्डला से बीजाडांडी मार्ग के सभी पुल हुये उद्बदराज**

# हादसों की आशंका जताते ये जर्जर पुल

*** समय रहते सुधार की उठ रही मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला से जबलपुर नेशनल हाईवे 30 पर सफर करना अपनी जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। रोजाना हाईवे में कहीं ना कहीं हादसे हो रहे है, वजह गुणवत्ताविहीन मार्ग निर्माण के साथ हाईवे स्थित सभी पुलों की जर्जर हालत है। मार्ग तो हादसे को आमंत्रण दे ही रहे है, इसके साथ ही मंडला से जबलपुर के बीच बने पुल भी खतरनाक हो गए है। पुल भी जर्जर अवस्था में है, यहां पुल की रैलिग भी कमजोर हो चुकी है, पुल में भी गड्ढे हो गए है जो हादसे को न्यौता दे रहे है। बता दे की पूर्व में मंडला कलेक्टर ने नेशनल हाईवे मार्ग और पुलों का निरीक्षण किया था, जिसमें बबैहा स्थित पुल की रैलिग की मरम्मत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन आज दिनांक तक बबैहा पुल की रैलिग का सुधार कार्य नहीं किया गया। नतीजा यह हुआ कि एक चौपहिया वाहन की फिर जल समाधि बन गई। इस हादसे में दो युवक अपनी जान बचाकर बाहर निकल गए लेकिन दो युवक वाहन में ही फंसे रहे। जिसके कारण उन दोनों युवकों की मौत पानी के अंदर वाहन में फंसे रहने के कारण हो गई। यदि पुल पर मजबूत रैलिंग या सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होते तो शायद यह हादसा इतना दर्दनाक ना होता।





### अप्रैल 2021 में भी हुई घटना

बताया गया कि विगत दो वर्ष पहले भी बबैहा पुल पर एक कार अनियंत्रित होकर नीचे नदी में गिर गई थी। इस घटना में भी दो युवकों की जल समाधि बन गई थी। जब इस घटना हुई उस समय भी पुल पर मरम्मत का कार्य चल रहा था। घटना रात्रि में घटित हुई थी, रात्रि को युवकों की तालाश की गई लेकिन रात होने के कारण सफलता नही मिल सकी। जिसके बाद दूसरे दिन युवकों को खोजने रेस्क्यू किया गया, 12 घंटे की मशक्कत के बाद युवको के शव मिल पाए।

### हाईवे में रोड के साथ पुल शामिल नही

मंडला से जबलपुर के बीच नेशनल हाइवे निर्माण की स्वीकृति के दौरान एमपीआरडी ने जो इस्टीमेट बनाया था, उनमे पुराने पुलो को शामिल नही किया था। मंडला से जबलपुर के बीच पांच पुल नहीं बनाए है। जिसके कारण यह पुल जर्जर हो गए है और इसमें विभाग सिर्फ मरम्मत के नाम पर लीपापोती कर रहा है।

### बनाये जाए सभी पुल

मंडला से जबलपुर के बीच फूलसागर, बबैहा, लालीपुर, बालई और हिंगना पुलो को नही बनाया गया है। इन पुलो में केवल मरम्मत की जा रही है। पुल जर्जर हालात में है। पुलों की दीवार खराब हो गई है। पुल दोनों किनारे के पास सफाई के अभाव में मिट्टी जमी हुई है। पुलों में कई जगह छड़े बाहर का गई है। समय रहते पुल नए पुल बन जाएंगे तो भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा।

### खतरों से भरा है मण्डला जबलपुर हाइवे

मण्डला से जबलपुर को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। लगभग सात वर्षो से निर्मित यह जबलपुर हाइवे का अधूरा काम अब खतरों से भर गया है। यहां कुड़ामैली के पास जानलेवा गड्ढे हो गए । मंडला से जबलपुर के बीच हाइवे का निर्माण कार्य 2015 से हो रहा है। यहां कार्य में हो रही लेटलतीफी और गुणवत्ता का ख्याल नही रखने के कारण 7 नवम्बर 2022 को स्थानीय पुलिस ग्राउंड में आये केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ठेका सस्पेंड कर नये सिरे से निर्माण कार्य कराने के निर्देश भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये थे, जिसके बाद निर्माण एजेंसी ने जीडीसीएल के ठेका को निरस्त कर दिया गया है और अधूरे कार्य और सड़क के सुधार के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा है। बेंलेस वर्क के लिए 53 करोड़ 94 लाख का प्रस्ताव है। यहां हाइवे में बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे है। आलम यह है कि यहां वाहन रेंग रहे है। जिससे आवागमन में समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है।


### जुलाई में 25 लाख रुपए किए थे खर्च

कलेक्टर मण्डला ने इसमें व्यक्तिगत रुचि लेते हुये बारि 25 लाख स्वीकृत कराकर निर्माण करवाया था जिसमे मार्ग की मरम्मत करायी गई थी जिसके के कारण मार्ग में जाम की स्थिति नही बनी। किन्तु विगत दिनो हुई भारी वर्षा हो जाने के यह मार्ग फिर क्षतिग्रस्त हो गया है जिसमे तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

### दुर्घटना होने पर करे यह उपाय

कारों के जानकार अखिलेश सोनी बताते है कि यदि दुर्घटना होने पर यदि कार पानी में गिर जाए अथवा ऐसी स्थिति में जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो रहा हो तो आप किसी भी कार के आगे एवम पीछे के शीशे तोड़ दे जो कि आसानी से चकनाचूर हो जायेगे जिससे आप बाहर निकल सकते है। कार के गेट के शीशे तोड़ना का प्रयास ना करे यह सामने एवं पीछे के शीशे से कही ज्यादा मजबूत होते है।

### दूसरे दिन भी चालको की हड़ताल के कारण नहीं चले वाहन



**भुआबिछिया।** सड़क दुर्घटना के नए कानून के विरोध में आज दूसरे दिन भी यात्री वाहनों मालवाहको के पहिए जाम रहे नव वर्ष के पहले और दूसरे दिन वाहनों के संचालन न होने से यात्रियों व्यवसायियों और नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शिक्षा स्वास्थ एवं आवश्यक कार्य से आने जाने वालों को वाहन सुविधा के आभाव में इन सुविधाओं से वंचित रहना पड़ा। नए कानून के विरोध में यात्री वाहन टैक्सी ड्राइवर के साथ ट्रक चालकों ने भी हड़ताल की। हड़ताल के चलते भुआ बिछिया से भोपाल, नागपुर, सिवनी, बालाघाट, जबलपुर, रायपुर, डिंडोरी ,शहपुरा, मंडला सहित जिले के अनेक ग्रामीण अंचल को जाने वाली बसों के पहिए पूरी तरह जाम रहे। नव वर्ष के पहले दिन धार्मिक स्थल पवित्र नदियां के स्नान एवं प्राकृतिक स्थलों के दर्शन से वंचित रहना पड़ा। ऑटो निजी वाहनों का संचालन भी चालकों की हड़ताल से बंद रहा। वाहन चालकों ने सरकार द्वारा पारित किये गए कानून का पुरजोर विरोध करते हुए इसे वापस लिए जाने की मांग की है चालकों का कहना है कि अपनी रोजी रोटी और जीवन निर्वाह करने के लिए अल्पवेतन में काम करने वाले वर्ग पर सड़क दुर्घटना होने पर वाहन चालक को 10 वर्ष की सजा और 5 लाख रूपए का जुर्माने का प्रावधान करना चालकों के खिलाफ सरासर अन्याय है।

## खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे ऐसे आयोजन-अग्निहोत्री

*** टिकरिया में वालीबॉल प्रतियोगिता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मण्डला जिले के मवई विकासखंड की ग्रामपंचायत टिकरिया में चल रही ऑल इंडिया ओपन पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता में 8 टीमो के बीच मैच खेला गया। जिसमें पंजाब एवं बालाघाट के बीच रोमांचक मैच रहा।द्वितीय दिवस पर वीरेंद्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जिला वॉलीवाल एसोसिएसन मण्डला, डी. एस. उइके वरिष्ठ उद्यान अधिकारी बिछिया, सुलोचना मोगरे जनपद सदस्य मेढा, थानसिंह उइके सरपंच बरखेड़ा, समाजसेवी बलबीर सिंह जाट बतौर अतिथि मौजूद थे। अतिथियों को बैच लगाकर ग्रामपंचायत के सरपंच रमेश सैयाम ने स्वागत किया।



ततपश्चात पंजाब एवं बालाघाट की टीमो के बीच फायनल मैच खेला गया। कड़े मुकाबले में पंजाब टीम एवं बालाघाट टीम ने 1-1 सेट जीतकर बाकी मैचों की जगह दर्शकों को रोमांचित कर दिया। एक-एक से बराबर होने की वजह से दोनों टीमो के बीच तीसरा सेट खेला गया। अंततह पंजाब टीम ने बालाघाट टीम को कड़े मुकाबले में परास्कत कर जीत अपने नाम दर्ज करा ली। कार्यक्रम में वीरेंद्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जिला वॉलीवाल एसोसिएशन मण्डला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम खेल को बढ़ावा देने लगातार प्रयासरत है। खेल मानसिक एव शरीरिक रूप से हमे स्वस्थ रहने का भी एक साधन है।यह वॉलीवाल प्रतियोगिता हमारे क्षेत्र के वॉलीवाल खिलाड़ियों को एक मंच देने का अच्छा प्रयास है। निश्चित ही हमारे जिले की प्रतिभाओ को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह के आयोजन निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्र के युवा वॉलीवाल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। साथ ही उन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजन समिति को बधाई दी। कार्यक्रम में उदघोषक की भूमिका राकेश क्रांत ने निभाई।वही मैचों का सफल संचालन रेफरी के रूप में क्रीड़ा प्रभारी जमादार धुर्वे, सतीश ताराम ने किया।

## जनसुनवाई में 29 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला योजना भवन में आयोजित हुई जनसुनवाई में 29 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट एवं अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह एवं सीएल वर्मा सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम कुंडालीकला निवासी शिखर वासनिक ने अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में, ग्राम गंगोरा निवासी चुन्नूलाल हरदहा ने वन विभाग से टी.पी. जारी करने के संबंध में, तिलक वार्ड मण्डला निवासी भोला प्रसाद सिंगौर ने नजूल पट्टों के नवीनीकरण के संबंध में, ग्राम कटरा निवासी अंजू श्रीवास ने बिजली बिल अधिक आने के संबंध में, सुभद्रा नगर कटरा निवासी दबाल सिंह ने राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए गए।





**निर्देश** | **उपार्जित धान का परिवहन निर्बाध रूप से जारी रखें-डॉ. सिडाना।**

# कलेक्टर ने ली मिलर्स तथा ट्राँसपोटर्स की बैठक

*** वाहन चालकों की करें वैकल्पिक व्यवस्था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

धान के उपार्जन और परिवहन के संबंध में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना तथा पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने मिलर्स तथा ट्राँसपोटर्स की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन पर चर्चा करते हुए कहा कि उपार्जित धान का परिवहन लगातार जारी रखें। उन्होंने कहा कि किसानों के भुगतान की कार्यवाही भी नियमानुसार करे। परिवहन कार्य निर्बाध रूप से जारी रखें। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार वाहन चालकों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें।







बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि परिवहनकर्ताओं को आवश्यकतानुसार पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाएगी। ट्राँसपोटर्स परिवहन के संबंध में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा जिला आपूर्ति अधिकारी के संपर्क में रहें। कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज पुराविया सहित मिलर्स एवं ट्राँसपोटर्स उपस्थित रहे।

### कलेक्टर, एसपी ने ली प्राइवेट स्कूलों के प्रबंधकों की बैठक

वाहन चालकों की हड़ताल के मद्देनजर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना तथा पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने प्राइवेट स्कूलों के प्रबंधकों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल प्रबंधन सुनिश्चित करें कि वाहन चालकों की हड़ताल के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इस संबंध में शाला स्तर पर पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित कर आवश्यक योजना तैयार करें। बच्चों को लाने ले जाने के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा संचालित बसों को समुचित सुरक्षा प्रदान की जाएगी। बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को सभी स्कूलों के वाहनों की फिटनेस तथा परमिट सहित अन्य दस्तावेजों की जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे सहित जिला मुख्यालय में संचालित प्राइवेट स्कूलों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

## नागरिकों को आवश्यक सामग्री के लिए परेशानी नही हो, इसके लिए सभी जरूरी उपाय किए जाएं-डॉ. मोहन यादव

*** मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से कमिश्नर्स, कलेक्टर्स, एसपी से चर्चा की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय से कमिश्नर, कलेक्टर और एसपी के साथ वीसी के माध्यम से चर्चा कर ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के मद्देनजर किए जा रहे आवश्यक उपायों की जानकारी प्राप्त की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को डीजल, पेट्रोल, एलपीजी, दवाईयाँ, दूध, खाद्य सामग्री सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों के लिए परेशानी नही हो, इसके लिए सभी जरूरी उपाय सुनिश्चित करें। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से संपन्न हुई इस बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित संबंधित अधिकारियों ने सहभागिता की।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल-डीजल सहित अन्य सामग्रियों की सप्लाई प्रभावित न हो। यदि कोई अवरोध पैदा करेगा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संबंध में जिला स्तर पर सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। सुनिश्चित करें कि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। पेट्रोल पंप और एलपीजी गैस के डीलर्स जिनके अपने वाहन हैं, उनके माध्यम से सप्लाई सुनिश्चित की जाए। रास्ते की ज़रूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी डीलर्स, एसोसिएशन के साथ बैठक करने के निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

## किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे जंगली सुअर

**कौंडिया।** जहां एक ओर क्षेत्र के किसान अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझते हुये देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि अब जंगली जानवरों से किसानों को अपनी फसल बचाना मुश्किल होते हुये दिखाई देने लगा है। क्योंकि जंगल क्षेत्र में लगातार जल स्त्रोतों कमी आने व बढ़ रही शोरगुल की स्थिति में जंगली जानवर अब गांवों की ओर अपना रूख करते हुये दिखाई देने लगे है। जहां पानी के लिये भटकते हुये जहां किसानों के खेतों में पहुंच रहे है और वह किसानों के खेतों में लगी हुई गन्ना सहित अन्य फसलों को बर्बाद करने के साथ साथ किसानों के ऊपर हमला बोलने से भी नही चूक रहे है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो क्षेत्र के ग्राम सूकरी, कौड़यिा, बरहटा, घाट पिपरिया, केकरा, बरेली, लिलवानी, गुनवे, महगंवा, कोठिया, भूमिया ढ़ाना, घघरौला, पटना, भौरझिर सहित अन्य गांवों के किसान इन जंगली सुअरों को लेकर लगातार परेशान होते हुये देखे जा रहे है।

## जर्जर अवस्था में पहुंचा पशु चिकित्सालय

**चीचली।** स्थानीय ब्लाक में स्थापित पशु अस्पताल जर्जर अवस्था में पहुंच गया है, वही दूसरी ओर इसकी सुध किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने नहीं ली है, जिसके चलते देखा जाता है कि हर साल जब बारिश का मौसम आता है तो यहां के अस्पताल के छप्पर से पानी टपकता है और पशु चिकित्सक समेत यहां उपचार कराने आए पशु पालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, साथ ही पानी बरसने पर औषधालय में रखी दवाएं भी खराब हो जाती हैं। यदि सही मायाने में देखा जावे तो इस समय अस्पताल की हालत बेहद दयनीय हो गई है, जिसे देखते हुए लोगों ने शासन प्रशासन से नवीन भवन की मांग की है, ताकि नए भवन में सही तरीके से पशुओं का उपचार हो सके एवं उन्नत तकनीकों का लाभ मिलने के साथ परेशानी भी समाप्त हो सके।

## शोभा की सुपारी साबित हो रही खम्बों में लगी हुई स्ट्रीट लाईट, अंधेरे से परेशानी वार्डवासी

**सालीचौका।** जहां एक ओर नगर परिषद सालीचौका द्वारा निगर विकास के नाम पर लाखों रूपया खर्च जा रहे है मगर इसके बाद भी जिस प्रकार से नगर के लोगों को छोटी छोटी बातों को लेकर परेशान होते हुये देखा जा रहा है, उसके चलते नगर विकास की गति पर अपने आप ही सबाल खड़े होने से नही चूक पाते है? क्योंकि शासकीय राशि खर्च करते हुये जिस प्रकार नपा द्वारा सामग्री खरीदी जाती है वह बेकाम होने के कारण शासन की राशि बर्बाद होने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर पंचायत सालीचौका के अनेक वार्डो में देखने मिल रही है जहां पर लगे हुये खम्बों में स्ट्रीट लाईट लगी हुई तो देखी जा रही है, मगर वह कई महिनों से बंद पड़ी रहने के कारण वार्ड के मार्गो पर रात के समय अंधेरा कायम रहने की स्थिति में रात के समय वार्ड के लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है।

## अतिक्रमण से राहगीर परेशान

**गाडरवारा।** पिछले माहों मे भले ही प्रशासनिक अमले ने अतिक्रमण हटवाने का डंका पीट वाहवाही लूटने का प्रयास किया हो, मगर हकीकत यह है कि आज भी क्षेत्र के कई गांवो मे अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था सुचारू नही हो पा रही है। गौरतलब है कि वर्तमान मे कामती स्टेण्ड से लेकर आमगॉव छोटा झांझनखेड़ा तिगड्डा तक बहुत से लोगों ने शासकीय भूमि पर चायपान के ठेले और टपरे बना लिए है, अनेक व्यक्ति ऐसे भी है जो खाली पड़ी जमीन पर पशु बांधकर राहगीरों, स्कूली बच्चों को परेशानी मे डाल रहे है। बताया गया है कि उक्त अतिक्रमणों को हटानें के लिए पूर्व मे लगातार प्रशासन से ग्रामवासियों ने गुहार लगायी किन्तु उनकी मॉग को नजर अंदाज कर दिया गया, जिसका परिणाम है कि अतिक्रमणकर्त्ता प्रोत्साहित होकर जनता के लिए मुसीबतें पैदा कर रहे है।

### गाडरवारा में जन्म लेने वाले संत संपूर्ण देश में बरसा रहे अपना आशीष

# नगर में जन्मे संत मंगलदास त्यागी के ओंकारेश्वर आश्रम पहुंचकर सीएम मोहन यादव ने लिया आर्शीवाद

### सात वर्ष पहले महान संत मंगलवास द्वारा शक्कर नदी में कराया गया था विशाल यज्ञ



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से गाडरवारा की भूमि अनेक संतों को जन्म देने वाली रही है जो आज देश दुनिया में अपना आर्शीवाद के माध्यम से इस नगर को रोशन करने से नही चूक रहे है। उन्ही महान संतों में शामिल है ओकारेश्वर के मंगलन आश्रम में भगवान हनुमानजी की तपस्या करने वाले महान संत मंगलदास त्यागी जिनका जन्म गाडरवारा के हनुमान वार्ड में हुआ था और वह भगवान की आराधना में लीन होने के बाद शिवजी के धाम खंडवा जिले के औकारेश्वर पहुंच गये और उनके द्वारा लगातार किये जाने वाले तप से जहां क्षेत्र के लोगों को आर्शीवाद देने के साथ उनकी मनोकामनाओं को पूर्ण कराने में पीछे नही है। इसी का परिणाम है कि गाडरवारा की भूमि पर जन्म लेने वाले महान संत का आर्शीवाद लेने के लिये जहां आये दिन अनेक नेताओं से लेकर समाज सेवी पहुंचते हुये देखे जाते है। इसी प्रकार से बीते हुये दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा भी नये वर्ष के पावन अवसर पर स्वामी मंगलदास त्यागी के खंडला जिले के ओकारेश्वर धाम में स्थित मंगलम आश्रम पहुंचे जहां पर विराजमान भगवान हनुमान जी का पूजन अर्चन करने के बाद मुख्यमंत्री यादव द्वारा महान संत मंगलदास त्यागी से आर्शीवाद लिया गया। ज्ञात हो कि महान संत मंगलदास त्यागी द्वारा लगभग सात वर्ष पहले जब उनका अपनी जन्म स्थल गाडरवारा में आगमन हुआ था तो उनके द्वारा नगर की शक्कर नदी में 29 जनवरी से 6 फरवरी 2016 तक विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया था। इस दौरान मंगलदास त्यागी द्वारा नगर में पहली बार किये गये माँ बगुलामुंखी देवी की आराधना व मिर्ची यज्ञ सहित नवदिवसीय 51 कुंडात्मक सहस्त्रचण्डी महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ,विराट संत समागम शामिल होने के लिये हरिद्वार, ऋषिकेश, त्रयम्बकेश्वर के संत, सहित अनेक संतों का आगमन हुआ था। वही सात साल पहले शहर की जीवनरेखा शक्कर नदी के छिड़ावघाट पर महंत मंगलदास त्यागी श्री जोड़ गणपति हनुमान मंदिर ओंकारेश्वर के द्वारा आयोजित कराये गये इस सज्ञ में अनंत श्री विभूषित काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य नारायणानंद जी तीर्थ महाराज शक्कर नदी यज्ञ स्थल पहुॅचें थें जहां पर यज्ञ आयोजक महंत श्री मंगलदास त्यागी ने महाराज श्री का स्वागत करते हुए पादुका पूजन किया गया था। वही दूसरी ओर नगर के संत द्वारा सात साल पहले आयोजित किया गया यह यज्ञ जहां संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाया था तो दूसरी ओर इस यज्ञ में अनेक देश प्रदेश के नेताओं ने भी पहुंचकर संत मंगलदास त्यागी से आर्शीवाद ग्रहण किया गया था। इसके बाद मंगलदास त्यागी पुनः अपना खंडवा जिले में जोड गणपति हनुमान मंदिर में रहते हुये अपनी भक्ति में लीन होने के चलते आज भी उनका आर्शीवाद ग्रहण करने के लिये अनेक नेताओं का आगमन होता रहता है। उसी के चलते बीते हुये दिवस डा मोहन सिंह यादव का मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आगमन होने के कारण यहां पर अन्य नेताओं का हुजूम लगा रहा तो दूसरी ओर मुख्यमंत्री द्वारा संत मंगलदास त्यागी से भेंट करते हुये जरूरी चर्चाओं के साथ अपने प्रदेशवासियों के लिये सु समृदि की कामना की गई। ज्ञात हो कि नगर गाडरवारा के हनुमान वार्ड में निवास करने वाले संत मंगलदास त्यागी उन संतों में भी शामिल है जिन्हें 22 जनवरी को देश के प्रधान मंत्री सहित अन्य महान संतों की मौजूदगी में होने वाले भगवान श्रीरामलला जी के अयोध्या में नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से आमंत्रण पहुंचाते हुये आमंत्रित किया गया है। ज्ञात हो कि यह आमंत्रण मध्य प्रदेश में मात्र कुछ ही संतों को भेजा गया है उसमें हमारे नगर में जन्म लेने वाले महान संत मंगलदास त्यागी भी शामल है।

# दूसरे दिन भी बना रहा पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल का टोटा, बसों आटो सहित अन्य वाहनों के चका थमने से परेशान हुये यात्री



### ड्राईवर संघ द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुये निकाली रेली, कानून में बदलाव को लेकर सौपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** केन्द्र सरकार द्वारा लागू किये जाने वाले नये एक्सीडेंट एक्ट को लेकर गैस व तेल कंपनियों में चलने वाले टैकरों सहित बसों के ड्राईवरों द्वारा इस एक्ट का विरोध करते हुये हड़ताल की शुरूआत जिस द्वारा नये वर्ष के पहल दिन से की गई है वह दूसरी दिवस भी जारी रहने के कारण जहां नगर के अनेक पेट्रोल पंपो पर डीजल पेट्रोल का टोटा देखने मिला। वही दूसरी नगर के बस स्टेन्ड पर बसों के चक्के थमने के कारण वाहन आने जाने वाले लोगों को परेशान होते हुये देखा गया। वही दूसरी ओर नये कानून का विरोध करते हुये अब नगर के आटों चालकों द्वारा भी टैकर चालको की हड़ताल को अपना समर्थन देते हुये अपने आटो खडे कर देने के कारण जहां नगर की सड़को से आटों गायब दिखाई पड़े वही दूसरी ओर शहर के रेलवे स्टेशन से आने वाले रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा गया। वही दूसरी ओर शहर में डीजल पेट्रोल की उपलब्धता पर्याप्त नही होने के कारण नगर के मात्र चंद पेट्रोल पंपों पर ही डीजल पेट्रोल पहुंचने के कारण वहां पर वाहन चालकों की भीड देखने मिली। इस तरह देखा जावे तो भले ही शासन प्रशासन द्वारा तेल कंपनी द्वारा सप्लाई करने वाले टैकरों की हडताल के दौरान सभी व्यवस्थाये बनाने की बात कही जा रही हो.., मगर सच्चाई पर नजर डाली जावे तो अब स्थिति बिगडते हुये दिखाई देने लगी है। क्योंकि वाहनों के पहिया थमने के कारण नगर में जरूरी सामग्री का भी आभाव बनते हुये दिखाई देने लगा है जिसका लाभ दुकानदारों द्वारा उठाना शुरू कर दिया गया है। वही दूसरी ओर बसों का संचालन बंद रहने के कारण लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाने लगा है। क्योंकि लोगों को पर्याप्त मात्रा में डीजल पेट्रोल नही मिल पाने के कारण वह अपने वाहनों का भी आने जाने के लिये उपयोग नही कर पा रहे है। वही दूसरी ओर बीते हुये मंगलवार को नगर के बस चालकों सहित अन्य वाहनों के ड्राईवरों द्वारा सरकार द्वारा लागू किये जाने वाले यातायात संबंधी नये कानूनों का विरोध करते हुये नगर की सड़को पर रैली निकालते हुये विरोध प्रदर्शन करने के बाद अधिकारियों को ज्ञापन सौपा गया। वही दूसरी ओर नगर के आटों चालको द्वारा भी पुलिस थाने में पहुंचकर ज्ञापन सौपा गा। आटों चालकों द्वारा सौपे गये ज्ञपन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में शासन द्वारा ड्राईवरों के खिलाफ लागू किये जा रहे नये कानूनों का हम ट्रांसपोर्टर्स के साथ आटों चालक विरोध करते तथा इन कानूनों को लागू होने से रोक लगाने की मांग करते है।

## शिवेंद्र बने सहायक संचालक अधिकारी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहा जाता है कि जब किसी में कुछ बनने का जनून होता है तो उसे सफलता मिलने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ ग्राम जमाडा निवासी शिवेंद्र गुर्जर में देखने मिली है। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोक ने राज्स सेवा परीक्षा 2019 के घोषित किये गये फाइनल परीक्षा परिणाम में शिवेन्द्र गुर्जर द्वारा सफलता हासिल करते हुये सहायक संचालक अधिकारी जन संपर्क विभाग में चयन पाया गया है। ज्ञात हो क शिवेन्द्र की इस सफलता पर गांव में हर्ष का महौल देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर शिवेन्द्र के पिता भी बलबंत सिह गुर्जर डीएसपी के पद पर अपनी सेवाये प्रदान करते हुये अनेक उपलब्धि हासिल कर चुके है।

## शिवहरे को मिला अपने उत्कृष्ठ सेवा के लिये सम्मान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वो का निर्वाहन तो किया जाता है। मगर उसके दौरान कभी कभी अधिकारियों की निष्ठा चर्चा का विषय बनने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की निष्ठा पवन कुमार शिवहरे में देखने मिले है जिसके चलते रेल विभाग मंडल प्रबंधक द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देते हुये सम्माति किया गया है। ज्ञात हो कि पवन कुमार शिवहरे वरिष्ठ टेक्नीशियन एस एंड टी गाडरवारा द्वारा बीते हुये 12 दिसम्बर 2023 को गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत रहने के दौरान स्टेशन का ट्रैक क्रमांक 245 की विफलता की सूचना मिली तो इनके द्वारा 02.45 बजे साइट पर पहुंचे और किमी 862/11-13 के पास रेल फैक्चर देखा गया। इनके द्वारा तुरंत से सच्चाई से पी डब्ल्यू आई गाडरवारा एवं ए एस एम गाडरवारा को सूचित करते हुये सुरक्षा एहतियात ट्रेक को सुनिश्चित कर संभावित रेल दुर्घटना को रोकने में अपनी अहिम भूमिका निभाये जाने पर रेल विभाग द्वारा शिवहरे द्वारा निष्ठा पूर्वक किये गये इस कार्य की प्रशंसा करने के साथ नगद राशि सहित प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया है।

## नाबालिग दौड़ा रहे है गन्ना से भरी हुई ट्रेक्टर ट्राली, कैसे सुधर पायेगी यातायात व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय क्षेत्र में आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जिस प्रकार से आये दिन जहां तहां अपना तम्बू लगाते हुए छोटे वाहनों की जांच करते हुए उन्हें यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए जिस प्रकार से चलानी कार्यवाही की जा रही है? मगर वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र में अनेक वाहनों को इस प्रकार के नाबांलिक बच्चों को चलाते हुए देखा जाता है कि जो वाहन रोकने के लिए वाहन के ब्रेको तक अपने पैर तक नही पहुंचा पाते है। मगर इसके खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही करने में सफल नही होने के कारण जहां पुलिस द्वारा चलाये जाने वाले यातायात सुधार अभियान पर सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? वही दूसरी ओर इन नाबांलिको के वाहन चलाने के कारण आम लोगों की जिन्दगी को भी खुलेआम खतरा पैदा होता हुआ जान पड़ रहा है? जबकि गौर किया जावे तो गन्ना ढोने वाले वाहनों से क्षेत्र के अनेको जगह होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के चलते लोगों की जाने चली जाती है। मगर पता नही कि प्रशासन इन गन्ना ढोने वाले वाहन चालको पर क्यों मेहरवान होते हुए लोगों की जिन्दगी के साथ खुली खिलबाड़ करने की छूट प्रदान किये हुए है। क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि क्षेत्र की शुगर मिलों में लगी हुई गन्ना ढोने वाली ट्राली जहां नियम विरूद्व एक ट्रेक्टर में डबल डबल ट्राली लगाते हुए परिवहन करते हुए देखी जाती है और कभी कभी तो स्थिति इस प्रकार से भी देखने मिली है कि इन गन्ना से भरी हुई ट्रालियों को इस प्रकार के नाबांलिक चलाते हुए देखे जाते है जिनके ब्रेक तक पैर भी नही पूजते है। इस बात की सच्चाई विगत दिवस उस समय देखने मिली जब एक नाबांलिक किशोर गन्ने से भरी हुई ट्रेक्टर ट्राली को ले जाते हुए देखा गया। इस बच्चे को ट्रेक्टर चलाते हुए देखकर जहां अनेक लोग हैरत में पड़ गये वही पुलिस प्रशासन द्वारा आये दिन चलाये जाने वाले यातायात सुधार अभियान पर भी सबाल खड़े करते हुए देखे गये।

# लगातार 15वें वर्ष दादा धूनी नगरी से छींद धाम के लिये निकला भक्तों का पैदल जत्था



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** कहा जाता है कि जो दादा के छींदधाम भक्त पहुंचना है तो कभी खाली हाथ नही लौटता है और जिस भक्त द्वारा लगातार पांच मंगलवार दादा के दर्शन करते हुये उनका आर्शीवाद ग्रहण किया तो उसकी मनोकामना पूर्ण होने से से नही चूकती है। इसी के चलते हर मंगलवार को दादा के छींदधाम पर भक्तों की भीड़ उमडंने से नही चूकती है। इसी के चलते बीते हुये लगातार 15 वर्षो से नये वर्ष के पावन अवसर पर दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेडा से युवाओं का एक जत्था पैदल छींदधाम के लिये रवाना होता है। इस प्रकार प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नये वर्ष के पावन बेला पर दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के अखाडे वाले दादाजी मंदिर के भक्तों का जत्था पैदल छींदधाम के लिये रवाना हुआ था जो कल मंगलवार को पहुंचकर छींदवाले दादा के दर्शन करने के साथ पूजन अर्चन करते हुये क्षेत्र की खुशहाली का आर्शीवाद मांगा गया। इस जत्था में शामिल सभी भक्त सभी प्रकार की परेशानियों को सहन करते हुये पैदल पहुंचकर छींदधाम पहुंचते है और क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिये संकटों को हरने वाले हनुमानजी से क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते है। इस वर्ष पैदल छींदधाम पहुंचने वाले जत्थें में प्रमुख रूप से अनिल तिवारी, संजू बाबा, दीपक अग्रवाल, मुकेश राजपूत, हल्के नौरिया, रानू पटैल, विमलेश महाराज, बिल्लू मोरिया, सोनू, छोटू, अर्पित, बद्दू साहू, सुनील विश्वकर्मा, बसंत सोनी, नीलेश सोनी, जसवंत चौहान, गजराज राजपूत, राजा, अशोक अग्रवाल, शिवम रजक, पवन रजक, रोहित रजक सहित आसपास के गांवों के अनेक युवा शामिल थें।

# एक एक बोरी यूरिया खाद के लिये किसानों को दिन दिन भर खड़ा होना पड़ रहा है लाईनों में



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** भले ही सरकार द्वारा किसानों को सभी प्रकार की सुविधाए प्रदान करने की बात कहते हुये अपने आपको किसान हितैषी बताने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, यदि किसानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब किसानों को अपने खेतों में बोनी करने के लिये जिस सामग्री की जरूरत पड़ती है और वही समय पर तथा सही दामों पर न मिले तो फिर सरकार द्वारा अपने आपको किसान हितैषी कहने का क्या औचित्य? क्योंकि इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार में बैठे हुये नेताओं से लेकर मंत्रीगण इस बात को न जानते हो कि किसानों को अपने खेतों में डालने के लिये किस समय कौन सी जरूरी सामग्री की आवश्यकता होती है तो फिर वही सामग्री समय पर उपलब्ध नही हो पाने के कारण जहां किसानों को परेशान तो होना ही पड़ता है साथ ही साथ आर्थिक बोझ झेलने के लिये मजबूर होना पड़ता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र के किसानों की देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय चल रहे बोनी के सीजन में क्षेत्र के किसानों के लिये यूरिया खाद की सबसे अधिक जरूरत महसूस की जा रही है। मगर दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद नही मिलने के कारण क्षेत्र के किसान यूरिया खाद को दुकानों पर खोजने के लिये दिन रात एक करने से नही चूक रहे है और जब किसानों को मालूम हो जाता है कि यूरिया खाद कल उस दुकान पर आने वाला है तो वह अपने घरों से बगैर कुछ खाय पिये ही सुबह आकर दुकानों के सामने लाईन लगाने से खड़े हो जाते है जब कही मुश्किल से उन्हें एक बोरी यूरिया मिल पाता है। इस प्रकार से भूखे प्यासे किसान दिन दिन भर लाईनों में खड़े हुये देखे जा रहे है तथा इस बात का फायदा दुकानदार उठाने से भी नही चूक रहे है। बताया जाता है कि अनेक दुकानदार किसानों को एक बोरी खाद देने के बदले दुकान की अन्य सामग्री खरीदने के लिये मजबूर करने से भी नही चूकते है, जिसके चलते जहां किसानों द्वारा यूरिया प्राप्त करने के लिये न चाहते हुये भी दूसरी सामग्री खरीदना पड़ रही है जिसके किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पढ़ने से नही चूक रहा है? वही दूसरी ओर किसानों का समय भी बर्बाद होते हुये देखा जा रहा है।

# कैरोसिन न मिलने से गरीब परेशान लकड़ी खरीदना हो रहा मुश्किल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्तमान हाईटेक दौर में हालॉकि शहर के घरों में खाना बनाने के लिए रसोई गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है पर शहर की आबादी के बड़े हिस्से में गरीब बर्ग के लोग आज भी कैरोसिन ईंधन पर ही निर्भर है जो खाना बनाने के लिए मिट्टी के तेल का ही उपयोग कर रहे है। क्योंकि रसोई गैस के लगातार बढ़ते हुये दामों के बीच वह हलाकान होने लगे है। ज्ञातव्य है कि शहर में मिट्टी के तेल की सर्वाधिक खपत होती है, जिसके चलते नगर के गरीबों का कहना है कि विडम्बना की बात है इन दिनों अनेक गरीबों को सरकार की गैस कनेक्शन तो प्रदान किये गये है। मगर उनके भरोसे पूरे घर का खाना बन सके यह संभव नही है। क्योंकि गैस के लगातार बढ़ रहे दामों के बीच गरीब परिवारों के लिये गैस खरीदना मुश्किल होने लगा है। इस स्थिति में जिन लोगों को शासन द्वारा गैस कनेक्शन प्रदान किये गये है उन्हें मिट्टी तेल देना बंद कर लिया गया है और जलाऊ लकड़ी के चल रहे भाव आस मान को छूते हुए दिखाई दे रहे है जो गरीबों द्वारा खरीद पाना मुश्किल जान पड रहा है तथा नगर में कैरोसिन की भी किल्लत है। क्योंकि अनेक गरीबों को शासकीय दुकानों से मिट्टी का तेल नही मिल पा रहा है। इस प्रकार से नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग की कैरोसिन के वितरण में कोताही बरतने का नतीजा है कि गरीबों को जरूरत के हिसाब से मिट्टी का तेल उपलब्ध नहीं हो रहा है? उन्होंने बताया कि सहकारी दुकानों से गरीबो को जहां कैरोसीन नही दिया जा रहा है वह कुछ गरीबों को मात्र चंद लीटर कैरोसिन हर माह वितरित किया जाने लगा है और शहर में अब मिट्टी के तेल की कालाबाजारी भी होने लगी है। शहर के अनेक गरीबो का आरोप है कि वास्ताविक हितग्राही तो मिट्टी के तेल से वंचित है। मगर विडम्बना की बात है कि होटलो, मिठाई की दुकानो के संचालक ब्लेक में कैरोसिन खरीद गरीबो का ईंधन माने जाने वाला मिट्टी का तेल अपनी भट्टियो में फूॅक रहे है। शहर के मजदूरो, गरीब परिवारो की गृहणियो ने प्रशासन से मॉग की है कि शहर में मिट्टी के तेल की हो रही कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की पहल करें ताकि गरीब अपने घरों में आसानी से दो वक्त चूल्हा जला सके।

## खबर संक्षेप

### आपस में टकराकर घायल हुए दोपहिया सवार



**डिंडौरी।** जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत अलग अलग पंचायत क्षेत्रों के गांवों में नववर्ष के प्रारंभ से ही दुर्घटना घटित हो रही हैं, सोमवार की देर रात करीब दस बजे मानिकपुर पंचायत में पटरी पर बाइक सवार गिर कर घायल हो गया तो मंगलवार की सुबह गोरखपुर के भलखोहा मार्ग पर डाकघर के पास दो बाइक सवार आमने-सामने टकराकर बीच सड़क पर ही गिर गये हादसे में गंभीर रूप से घायल भजन पिता तिहार सिंह उम्र 25 ग्राम पंचायत भुसंडा के पोषक गांव धामिनटोला जिसे स्थानीय लोगों की मदद से कस्बा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया इसी प्रकार बहारपुर में भी बाइक टकराने की जानकारी मिली है।

प्रशांत के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत युवा क्रिकेट क्लब ने यंग स्टार क्लब बरेला को 19 रन से हराया

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सलैया में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें मंगलवार को युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर तथा यंग स्टार क्लब बरेला के बीच मैच खेला गया। जिसमें युवा क्रिकेट क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रशांत के 25 रन, दुर्गा प्रसाद के 21 रन तथा यशवंत के 16 रनों की बदौलत निर्धारित 10 ओवर में 97 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बरेला की ओर गेंदबाजी करते हुए भजन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरेला की टीम निर्धारित 10 ओवर में 78 रन ही बना सकी और 19 रन से मैच हार गई। युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर की तरफ से जयदीप ने शानदार 4 विकेट, अक्षय ने 3 विकेट एवं प्रशांत ने 2 विकेट अपने नाम किए। बरेला की ओर से नरेंद्र ने 41 रनों की शानदार पारी खेली।

### जनसुनवाई में आए 18 आवेदन

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर व डिप्टी कलेक्टर द्वारा लोगों द्वारा प्रस्तुत किए गए 18 आवेदन पत्रों की सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों की सुनवाई कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उसके लिए आवेदकों को समय सीमा दे दी गई है। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का विभागीय अधिकारियों को निराकरण कर शिकायतकर्ता को अवगत कराना होगा। जनसुनवाई में आवेदकों के द्वारा राशन वितरण, वृद्धावस्था पेंशन, मजदूरी भुगतान सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए गए।

### पंचायत उप निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दिवस 5 जनवरी को

**डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने पंचायत उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) हेतु प्रा. शाला भवन बुड़रूखी विकासखण्ड समनापुर में मतदान दिवस 05 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को निगोशिएलब इन्स्टूमेट्स एक्ट 1881 (1881 का क्रमांक 26) धारा 25 के अंतर्गत सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### सौंपा गया जोनल मजिस्ट्रेट का दायित्व

**डिंडौरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने पंचायत उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) हेतु प्रा. शाला भवन बुड़रूखी वार्ड क्रमांक 02 विकासखण्ड समनापुर में मतदान दिवस 05 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को कानून व्यवस्था के संधारण, निर्वाचन प्रक्रिया के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सूचारू संपादन के लिए नायब तहसीलदार समनापुर सुन्दरलाल यादव को जोनल मजिस्ट्रेट का दायित्व सौंपा है।

## हिट एंड रन एक्ट के विरोध में जमकर की नारेबाजी

# वाहन चालकों ने रैली निकाली

ड्राइवर की हड़ताल का असर अब शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने मिल रहा हैं मंगलवार को कस्बा के समस्त वाहन चालकों ने चैराहे पर एकजुट होकर सरकार के उस फरमान का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की गौरतलब हैं कि ड्रायवर नये कानून भारतीय न्याय संहिता में दुर्घटना होने पर सजा के प्रावधान से नाराज हो गए हैं।




हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

उन्होंने सजा के प्रावधान को अव्यवहारिक बताते हुए 1 से 3 जनवरी तक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को दूसरे दिन भी गोरखपुर के हाइवे तथा पहुंच मार्गों में यात्री बसों के अलावा ट्रकों के पहिए थमे रहे। हालांकि ड्राइवरों की हड़ताल की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। खासकर बसों के पहिए थमने से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए यात्रियों को अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं मंगलवार को दर्जनों लोग कस्बा के बस स्टैंड में यात्री बसों का पता करने पहुंचे थे और जब उन्हें बताया गया कि फिलहाल बसें चलें ऐसी उम्मीद नहीं है तो वे निराश होकर लौट गए स्टैंड पर मौजूद लोगों ने बताया कि उन्हें लंबी दूरी की यात्रा पर जाना हैं लेकिन जब तक इस समस्या का स्थायी निराकरण नहीं निकलता तब तक के लिए वे सफर को स्थगित कर रहें हैं।

### रैली निकाली

मंगलवार को दोपहर में चालक संघ ने उक्त काले कानून का विरोध करते हुए कस्बा के चैराहे में नियम के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार से कानून को वापस लेने की मांग किया और हाइवे मार्ग से चलते हुए चैराहे के बाजार मोहल्ला से मंडी कार्यालय तक रैली निकाली सभी चालक रैली के दरमियान काले कानून वापस लो और हमारी मांगे पूरी हो के नारे बुलंद करते हुए साथ साथ चल रहे थें। यह्न रैली इसी मार्ग से वापस आकर चैराहे तक पहुंची जहां समापन की घोषणा कर बैठक का आयोजन किया गया तत्पश्चात सभी ने चर्चा करते हुए सहमति बनाई कि जब तक इस नियम को समाप्त नहीं किया जाता तब तक कोई भी चालक वाहन पर नहीं जाएगा इस बात पर उपस्थित सभी ने सहमति जताई।

### ये रहें शामिल

ड्राइवर संघ के प्रमुख बंटा बनवासी ने कहा कि यह कानून ड्राइवर के खिलाफ है हम सरकार से मांग करते हैं कि इस नियम को वापस लें और जब तक वाहन चालकों के हित में निर्णय नहीं लिया जाता तब तक वाहन संबंधित सेवाएं रोक दिया गया है इस दौरान शगीर खान, विशाल साहू, शैलेष बनवासी विक्की मंडेल, भूपेंद्र यादव पंडा साहू सुनील यादव, धर्मेंद्र बर्मे इतवारी बनवासी आनंद बर्मे ,कादिर अली, सहित अन्य चालक उपस्थित रहें।

# हसदेव जंगल बचाने के लिए जयस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



हसदेव जंगल की हो रही कटाई के विरोध में जयस ने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा है, डिंडौरी में प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन में मुख्य मांग कि गई कि हसदेव जंगलों की कटाई बंद हो और जंगलों को बचाया जाए, जैव-विविधता को संरक्षित किया जाए, आदिवासियों के अधिकारों को संरक्षित किया जाए एवं प्रशासन सरकार और भारतीय वन्य जीव संस्थान डब्लू.आई.आई. द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल किया जाए निवेदन में कहा गया कि, हम सब भारत के पर्यावरण के लिए संवेदनशील नागरिक और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए चिंतित नागरिक आपसे हसदेव आरण्य जंगल वहां निवासरत आदिवासी एवं परंपरागत निवासियों, जंगल के पेड़ों और वहां की जैव-विविधता को बचाने तथा आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा एवं समृद्ध जंगल के संरक्षण की विनम्र अपील करते हैं, हसदेव आरण्य मध्य भारत का समृद्ध वन क्षेत्र है जो जैव विविधता से परिपूर्ण जंगल में विलुप्त एवं विलुप्त के कगार पर चिन्हित वनस्पति और जीव जंतुओं का आवास है। हसदेव नदी और उस पर बने मिनी माता बांगो बांध का केचमेंट है, जिसमें जांजगीर रायगढ़, कोरबा और बिलासपुर जिले की 4 लाख हेक्टयर जमीन सिंचित होती है।

भारतीय वन्य जीव संस्थान ने हाल ही हसदेव अरण्य क्षेत्र पर विस्तृत अध्ययन किया है जिसकी रिपोर्ट छत्तीसगढ़ शासन को सोंपी गई है। रिपोर्ट में सम्पूर्ण हसदेव आरण्य क्षेत्र को खनन गतिविधियों से मुक्त रखने की सिफारिश दी गई है। रिपोर्ट में संस्थान ने चेतावनी देते हुए लिखा है की यादि हसदेव आरण्य क्षेत्र में कोयला खनन की अनुमति दी गई तो न सिर्फ हसदेव नदी और पर्यावरण का विनाश होगा बल्कि मानव-हाथी संघर्ष इतना विकराल हो जायेगा की उसे कभी सम्हाला नहीं जा सकता।

इस सम्पूर्ण हसदेव आरण्य को बचाने के लिए पाँचवी अनुसचित क्षेत्र के आदिवासी और उनकी ग्रामसभाओं ने पिछले एक दशक में कई बार कोयला उत्खनन परियोजना का विरोध किया। सरगुजा जिले में स्थित ग्राम साल्ही, हरिहरपुर, फतेहपुर, और घटबर्रा गांव की ग्रामसभाओं के विरोध के बावजूद उनके जंगल जमीन को दो कोयला खनन परियोजना परसा ईस्ट केते बासेन (द्वितीय चरण में गैर कानूनी रूप सौंप कर पेड़ कटाई का कार्य किया जा रहा है।

महामहिम तत्कालीन राज्यपाल छग ने परसा कोल ब्लॉक प्रभावित गांव में खनन कंपनी द्वारा करवाए गय फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव की जाँच के आदेश दिनांक 23अक्टूबर 2023 को मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को दिए थे परन्तु आज तक ग्रामसभा के उस फर्जी प्रस्ताव की जाँच नहीं की गई बल्कि पुलिस बल की उपस्थिति में पेड़ों की कटाई करवाई जा रही है।

इसी प्रकार परसा ईस्ट केते बासेन (द्वितीय चरण) खनन परियोजना जिसकी पेड़ कटाई इसी माह 21 दिसंबर से की गई है उसके प्रभावित गांव घाटबर्रा की भी विधिवत सहमति नहीं ली गई है। हमें बहुत दुख के साथ आपको यह अवगत कराना पड़ रहा है जानकारी के अनुसार कटाई के लिए स्थानीय पुलिस ने आदिवासियों एवं ग्रामीणों के साथ अमाननीय तरीके से व्यवहार किया है। सुबह 4 बजे प्रभावित गांव के सरपंचों को घरों से पुलिस उठाकर ले गई जिन्हे कपड़े पहनने का भी अवसर नहीं दिया गया। पूरे दिन गैरकानूनी हिरासत में रखने के बाद देर रात को सभी साथियों को छोड़ा गया। 3 दिनों तक सभी प्रभावित गांव को नजर बंद रखा गया।हसदेव आरण्य क्षेत्र में कोयला खनन परियोजना हेतु की जा रही पेड़ों की कटाई छत्तीसगढ़ विधानसभा की अवमानना है क्योंकि दिनांक 26 जुलाई 2022 को सदन ने सर्वानुमति से संकल्प पारित किया था हसदेव आरण्य क्षेत्र में आवंटित सभी कोल ब्लॉक रद्द किये जाएँ। छत्तीसगढ़ शासन ने दिनांक 1 मई 2023 को माननीय उच्चत्तम न्यायालय में शपथ प्रस्तुत किया जिसमें लिखा है हसदेव आरण्य में कोयला उत्खनन राज्य के हित में नहीं है। हसदेव क्षेत्र में किसी भी नए कोल ब्लॉक का आवंटन या खनन की जरुरत नहीं है। पेड़ो की कटाई पाँचवी अनुसूची पेसा अधिनियम 1996 और वनाधिकार मान्यता कानून 2006 का भी खुला उलंघन है क्योंकि प्रभावित ग्रामसभाओ ने खनन के विरोध में प्रस्ताव परित किए हैं।

ज्ञापन में कटते हसदेव जंगल के घटना क्रम का भी जिक्र किया गया और महामहिम राज्यपाल को अवगत एवं निवेदन किया गया कि पिछले कुछ दिनों की घटनाक्रम से आप अवगत होंगे पेड़ों के कटाई के बाद हुए घटनाक्रम ने मानव जाति और इंसानियत की संवेदनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है तथा पर्यावरण और प्रकृति प्रेमी और इनके संरक्षण का संदेश देने वाले और सरकारी कार्यक्रमों के प्रसांगिकता पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया है क्योंकि विगत दिनों शोसल मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है कि पेड़ों में बने घोंसले के उजड़ जाने से हजारों नन्हे चिड़ियों की जिन्दगी खत्म हो गई, हसदेव से सटे एक जंगल में जंगली भालू ने जंगल से बाहर आकर गांव में अपने बच्चों को जन्म दिया, कई दर्जन हाथी जंगल छोड़कर भागने लगे जो मानवीय मूल्यों को शर्मशार कर दिया है।

जयस के ज्ञापन में प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम के साथ जिला अध्यक्ष डिंडोरी आलोक परस्ते, जिला सचिव अजीत पट्टा, संगठन मंत्री दिगंबर पट्टा, शहपुरा जयस प्रभारी नागेंद्र धुर्वे, भूपेंद्र, गोकूल, अर्जुन, गिरवर, देवी आयाम, राजकुमार सुदर्शन गोविंदा, महासिंह आदि जयस कार्यकर्ता शामिल थे। प्रदेश के सभी जिलो में भी ज्ञापन दिया गया। इंद्रपाल मरकाम ने बताया कि हसदेव कटाई नहीं रूका तो प्रदेश भर में चरणबद्ध आंदोलन करेंगे और एक संदेश आंदोलन के माध्यम से संदेश देने का प्रयास है कि हसदेव जंगल को बचाने के लिए संघर्षरत लोगों के साथ मध्यप्रदेश जयस उनके साथ है, आगामी दिनों में जरूरत पड़े तो सड़क से संवैधानिक लड़ाई लडने से पीछे नहीं हटेंगे।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में वाहन चालकों के हड़ताल के संबंध में संपन्न हूई बैठक

### आरटीओ की टीम कलेक्टर के निर्देशानुसार कर रही कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।




कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आज वाहन चालकों के हड़ताल के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिसमें कलेक्टर के द्वारा सभी आपातकालीन सेवा में लगे वाहन कार्य करते रहें यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंप में नियमानुसार आवश्यकता से अधिक डीजल पेट्रोल का प्रदाय वाहनों में न करें। किसी भी दशा में बोटल डिब्बो में ईंधन न दिया जाए। सभी पेट्रोल पंप में शासन के निर्देशानुसार स्टॉक लिमिट में डीजल पेट्रोल का स्टॉक आवश्यक आपातकालीन सेवा हेतु लगे वाहनों के लिए रिजर्व रखा जाएगा। इस संबंध में आरटीओ डिंडौरी अनिमेष गढ़पाले को निर्देशित किया गया कि वह वाहन चालकों से बात करके यह सनिश्चित करें कि किसी के द्वारा अनावश्यक उपद्रव की स्थिति निर्मित न की जाए। आवश्यक सेवा में लगे वाहनों को रोका न जाए। किसी के द्वारा सड़क पर जाम लगाकर वाहनों को रोका जाता है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। इसके साथ ही खाद्य विभाग को निर्देशित किया गया कि पेट्रोल पंप में सतत भ्रमण कर जानकारी लेते रहें। उक्त बैठक में आरटीओ डिंडौरी अनिमेष गढ़पाले सहित परिवहन विभाग की टीम और खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आरटीओ की टीम कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्यवाही कर रही है।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ग्राम भलवारा और पायली में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में शामिल हुए




हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यंमत्री फग्गन सिंह कुलस्ते आज ग्राम पंचायत भलवारा और पायली जनपद पंचायत मेंहदवानी में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नागरिकों के बीच पहुँचकर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रमों में शिविर लगाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आवेदन लिये जा रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से उपचार भी दिया जा रहा है।

विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे ग्राम पंचायत भलवारा और पायली जनपद पंचायत मेंहदवानी में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में जनमानस को संबोधित करते हुए शासन के द्वारा दी जाने वाली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो ग्राम क्षेत्र में योजना से वंचित हैं उन्हें आवेदन भरवाकर पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, उज्जवला योजना, लाडली बहना, लाडली बेटी, सुकन्या योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभांवित जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में संकल्प यात्रा में शामिल आम जनता एवं अन्य को ''हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा लेता हूं, लेती हूं'' की शपथ दिलाई गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जरूरत मंदों को गर्म कपड़े प्रदान किये गए तथा यात्रा की रथ में लगे एलईडी वॉल के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं पर आधारित वीडियो संदेश भी दिखाया गया। टीबी के मरीजों को जीवनदायिनी निक्षय पोषण आहार भी प्रदान किये गए। इस दौरान कलेक्टर विकास मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, पूर्व अध्यक्ष जिपं श्रीमती इंद्रावती धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व जनपद पंचायत मेंहदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद बोरकर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, जिला समन्वयक एनआरएलएम मीना परते, प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार और समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सभी विकासखण्डों में 22 जनवरी तक निरंतर वनवासी रामायण मंचन किया जाएगा

# गोरखपुर से वनवासी रामायण मंचन का हुआ भव्य शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जिला प्रशासन डिंडौरी के निर्देशन में म. प्र. जन अभियान परिषद द्वारा जिले के सातों विकासखंडों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गत दिवस 01 जनवरी को करंजिया वि.ख. में सबरी कथा वनवासी रामायण का भव्य आयोजन किया गया। इसी प्रकार से बजाग वि.ख. में 04, 05 और 06 जनवरी को निशादराज कथा वनवासी रामायण, डिण्डोरी वि.ख. में 07, 08 और 09 जनवरी को केवट कथा वनवासी रामायण, अमरपुर वि.ख. में 10, 11, 12 जनवरी को जामवंत कथा वनवासी रामायण, मेंहदवानी वि.ख. में 13, 14, 15 जनवरी को जटायु कथा वनवासी रामायण, शहपुरा वि.ख. में 16, 17, 18 जनवरी को नल नील कथा वनवासी रामायण व समनापुर वि.ख. में 19, 20, 21 जनवरी को अहिल्या कथा वनवासी रामायण का आयोजन किया जाएगा। जिसका व 22 जनवरी 2024 को डिण्डोरी में समापन किया जायेगा। 22 जनवरी 2024 तक निरंतर वनवासी समुदाय के पात्रों के माध्यम से निरंतर संचालित होने वाले वनवासी रामायण मंचन का शुभारंभ किया गया है। जिससे आज आने वाली पीढ़ी प्रभु श्रीराम जी के वनवासी जीवन से प्रेरणा ले सकें। इसी क्रम में पहले दिन इसका शुभारंभ विकास खण्ड करंजिया के ग्राम गोरखपुर से किया गया। जिसमें कलेक्टर विकास मिश्रा वनवासी रामायण का लोगों के साथ लुफ्त उठाया। वनवासी रामायण में प्रथम दिवस माता सबरी का चरित्र चित्रण किया गया। जिसमे किस प्रकार माता सबरी प्रभु श्रीराम का वर्षो इंतजार करती है, प्रतिदिन साफ सफाई करके रास्ते में फूल बिछाती है और अंत में एक दिन प्रभु श्रीराम माता की कुटिया में आते हैं। माता के झूठे फल खाते है, इससे समाज को यह संदेश दिया जा रहा है कि जात पात, अमीर गरीब छोटा बड़ा कोई नहीं होता भगवान सबको समान निगाह से देखते हैं। इसलिए हमको भी सभी के प्रति समान व्यवहार करना चाहिए। इस प्रकार समस्त ग्रामीणों को बताया गया कि केवल गाँव में बड़ी बड़ी बिल्डिंग, पक्के रोड़, बड़े डेम, बड़ी बड़ी फेक्टरियों से ही भारत विकसित नहीं होगा। इसके लिये हमारे गाँव की पुरानी संस्कृति, सभ्यता, धर्म, बच्चों में संस्कार भी विकसित भारत बनने में नीव का पत्थर साबित होगा। अंत में प्रभु श्रीराम की महाआरती के बाद सभी को समरसता खिचड़ी प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी श्री भानु प्रताप मरावी वि.ख. समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करंजिया, सह प्रभारी अजय राय बी.आर.सी. करंजिया, वनवासी रामायण मंचन प्रमुख अशोक जी शर्मा वनवासी परिषद प्रमुख, म.प्र. जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था, मेंटर्स, प्रस्फुटन समिति व सीएमसीएलडीपी छात्र, ग्राम पंचायत गौरखपुर सी एम फेलोशिप एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन बद्री प्रसाद चैहान जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद के द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आये 63 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर ।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में जिले के विभिन्न स्थानों पहुंचे लोगों ने कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से भी अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 63 आवेदन आये।जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों के आवेदन टाइप करके देने की सुविधा भी अब कलेक्ट्रेट में दी जाएगी इसके अलावा दिव्यांगजनों को सुनवाई हाल में लाने के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था और एक कर्मचारी को भी नियुक्त किया गया है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

**नरसिंहपुर ।** मंगलवार को न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी गजेन्द्र उर्फ गज्जू मेहरा निवासी ग्राम उकासघाट, थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को भादवि की धारा- 366 में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- रुपए जुमार्ना एवं धारा- 5(एल)/6 पाक्सों एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- जुमार्ना सें दंडित किया गया।

### सन्त मौनी बाबा आश्रम में श्रृद्धांजलि अर्पित



**नरसिंहपुर ।** मध्यप्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज नरसिंहपुर के जिला अध्यक्ष रामरतन पटेल अपने साथियों के साथ सन्त मौनी बाबा मारूति सेवा आश्रम उत्तर तट सतधारा पहुंचे जहां पर चौधरी लक्ष्मण सिंह पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय समाज (कोदसा) नरसिंहपुर द्वारा श्रृद्धांजलि आयोजित की गई जिसमें उपरोक्त सभी को सम्मिलित श्रृद्धांजलि देने वालों में संत मोनी बाबा मारूति सेवा आश्रम के आजीवन अध्यक्ष हैं तथा आप के अलावा इस आश्रम की संचालिका हरिओम बाई के नेतृत्व श्रृद्धा सुमन अर्पित करने वाले में चौ. जन्जीर सिंह पटेल प्रगति शील कृषक सुफला, अरविन्द सिंह पटेल पूर्व सरपंच बीतली कढोरी लाल पटेल वसेडी, श्रीमति शारदा बाई पूर्व जनपद सदस्य कोदसा, श्रीमति दीपा बाई परिहार भरवारा वालौ सहित सभी की गोपाल दास मरेले, चौ. पूरन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय समाज नरसिंहपुर (कठोतिया) ने भी दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि दी गई इसके पहले हरि भजन मे सहभागिता की एवं सभी दिवंगत आत्माओं को श्रृद्धांजलि दी ।

### पेट्रोल पंपों पर नहीं मिल रहा पेट्रोल'

**तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल ना मिलने के कारण बाहन चालक परेशान होते हुए देखे जा रहे हैं। बड़ी संख्या में बाइक चालकों की लंबी लंबी कतारें इन पंपों पर देखी गई थी।इसका सीधा फायदा कुछ मुनाफा खोर सीधे उठा रहे हैं मजबूर बाइक चालक जिनका बीच रास्ते में ही पेट्रोल खत्म हो जाता है उन्हें कुछ चाय पान की दुकानों पर पेट्रोल 160 रुपए से 180 रुपये लीटर पेट्रोल वह भी मिलावटी मिल रहा है। तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 01 के अंतर्गत नाले के समीप पेट्रोल कहां से आ रहा है जांच का विषय है। इन दिनों चल रही ड्राइवर एसोसिएशन की हड़ताल के कारण ही अब जरुरतमंद निजी बाइकों,कारों से आना जाना कर रहे हैं लेकिन पेट्रोल डीजल ना मिलने के कारण उनके भी अब चाक जाम होने लगें हैं।

# मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का हुआ आगमन

## जिले एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास कराना ही एक मात्र लक्ष्य: प्रहलाद सिंह पटेल








मंगलवार को मध्यप्रदेश शासन के पंचायत ग्रामीण व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का मंत्री बनने के पश्चात प्रथम नगर आगमन हुआ जहां पर उन्होंने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर सभी भाजपा जनों की उपस्थिति में माल्यार्पण किया गया ।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

तत्पश्चात आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिले भर से आए पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा प्रकोष्ठों व कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री बनाये जाने पर उनका आत्मीय स्वागत किया ।

### मोदी जी के नेतृत्व का जताया आभार

मंत्री श्री पटेल द्वारा पत्रकारों को संबोधित करते बताया कि यह नववर्ष 2024 श्रीराम वर्ष के रूप में सदैव जाना जायेगा। मोदी जी के नेतृत्व में राम मंदिर निर्माण पूर्ण हो रहा है। सम्पूर्ण भारतवासी प्रभु श्री राम के दर्शन हेतु उत्सुक हैं। सभी 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को दीपावली उत्सव के समान मनायें। उन्होंने नरसिंहपुर जिले को प्रदेश मंत्री मंडल में पर्याप्त स्थान व सम्मान देने के लिए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट कर जिले के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। अपने विभागों की जानकारी देते हुए बताया कि मैंने अपने दोनों विभागों की 100 दिन की कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये है। ग्रामीण विकास देश व प्रदेश के विकास की रीढ है। हमारी सरकार गांव के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। गांव यदि समृद्ध है, सामर्थवान है, सशक्त है तो देश की आर्थिक मजबूती तय है।

### समस्याओं का निकालेंगे स्थाई हल

मोदी जी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार प्रत्येक गांव तक सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और नल जल योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को शुद्ध पीने का पानी पहुंच रही है। प्रधानमंत्री ग्रार्मीण सडक योजना के माध्यम से हमने असंख्य गावों को नगरों से जोड़कर ग्राम विकास की संकल्पना को साकार किया है। अब मध्यप्रदेश की मोहन सरकार एवं केन्द्र की मोदी सरकार ने तय किया है कि गांव से भी छोटे जिनको हम मजरा टोला या 100 घरों की आबादी वाले उस क्षेत्र तक सड़क पहुंचाने का कार्य करेगे। नरसिंहपुर जिला ही नही अपितु पूरा मध्यप्रदेश आने वाले समय में पीने के पानी के संकट से नही जूझेगा इसके लिए पूर्व की सरकार ने खेत तालाब योजना, ग्राम तालाब योजना एवं अब मोदी जी की अमृत सरोवर योजना के माध्यम से और अच्छा कार्य करके पानी की समस्या का स्थाई हल करने के लिए हम कार्य करेगे।

### अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे लाभ

मंत्री श्री पटेल द्वारा श्रम मंत्रालय की जानकारी देते हुए बताया कि श्रमको के पुनरूत्थान के लिए मध्यप्रदेश की सरकार संकल्पित है श्रमकों व उनके परिवार जनों को अर्थिक रूप से सशक्त विकसित व समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विभिन्न योजनाएं केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित है। इन योजनाओं का धरातल पर शत प्रतिशत लाभ मजदूर वर्ग को दिलाना ही हमारा लक्ष्य है। मजदूरों को उनकी मेहनत का वाजिब हक मिले इसके लिए मै पूर्ण प्रयास करूंगा। आगामी 100 दिनों के अंदर श्रम विभाग में चलने वाले समस्त प्रकरण ऑनलाइन किया जावेगे। उन्होंने आगामी समय में जिले के सम्पूर्ण विकास हेतु व्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर उसे लागू करने की बात रखी। प्रेस वार्ता पश्चात स्टेशन स्थित मूनलाइट गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता मिलन व स्वागत समारोह में जिले भर से आये हुए पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व मातृ शक्तियों ने मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से सौजन्य भेंट कर स्वागत किया। मंत्री पटेल ने जिले के समस्त 16 मंडलों से मंडलवार मुलाकात की।

### राजा हिरदेशाह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मंत्री श्री पटैल ग्राम पंचायत रामपिपरिया में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके पूर्व उन्होंने केरपानी में 1842 की बुंदेला क्रांति के नायक राजा हिरदेशाह,डेलनशाह (मदनपुर), दीवान गजराज सिंह लोधी (हीरापुर), राजा नरवर शाह राजगोंड़ (ढिलवार) एवं जंगी राजा मेहरबान सिंह (हीरापुर) की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ग्राम पंचायत रामपिपरिया में उन्होंने केन्द्र व राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया और शासन की विभिन्न जानकारी ग्रामीणों को दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष इजी.अभिलाष मिश्रा, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, महेन्द्र नागेश, पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल, भैयाराम पटेल, हाकम सिंह चड़ार, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज विधानसभा संयोजक महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी सहित जिला पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष गण, मोर्चों के अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक जनप्रतिनिधि एंव पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# विज्ञशिल्पी विश्वेश्वरैया पर व्याख्यान व विमोचन संपन्न



**नरसिंहपुर ।**

गत दिवस मप्र डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन नरसिंहपुर एवं जिला इंजीनियर्स फोरम के संयुक्त प्रयासों से भारत रत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के जीवन पर व्याख्यान एवं लेखक इंजी. सुरेन्द्र सिह पंवार द्वारा लिखित सर विश्वेश्वरैया के जीवन पर आधारित कृति विज्ञशिल्पी विश्वेश्वरैया का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम इंजीनियर्स चौराहे पर स्थित भारत रत्न एम.जी.विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर शहर के गणमान्य नागरिकों, प्रतिष्ठित इंजीनियर्स, जिला इंजीनियर्स फोरम एवं मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के सदस्यों, पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। हजारों साल चमन अपनी बेनूरी पर रोता है। तब कहीं होता है चमन में दीदार पैदा। मप्र डिप्लोमा इंजी के अध्यक्ष इंजी. मनीष बाजपेयी ने लेखक सुरेन्द्र सिंह पंवार का परिचय देते हुये बताया कि आपका जन्म 25 जून 1957 में स्व. श्रीमती शांति देवी व स्व. नृपति सिंह पंवार के यहां सागर में हुआ। पिता स्व. प्रख्यात नौटंकी लेखक थे। आपने पं. राम किंकर की पत्रिका रामायण संस्कृति का दस वर्षो तक सह संपादन किया। आपको समीक्षा कृति परख के लिए कादम्बरी सम्मान, तुलसी मानस प्रचार समिति द्वारा 2023 में जबलपुर रत्न का सम्मान एवं विद्यावाचस्पति की उपाधि से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी. दिलीप सिह ठाकुर विज्ञशिल्पी के गुण रहस्यों को अपने शब्दों के माध्यम से समझाया। लेखक इंजी. सुरेन्द्र सिह पवार और विश्वेश्वैरया के कार्य में क्या समान्यता है बतलाया। विशिष्ट अतिथि इंजी. सुनील कोठारी ने सुरेन्द्र जी के साथ बरगी विभाग में किये गए कार्य घुघरी एक्वाडक निर्माण को याद किया। जिला इंजीनियर्स फोरम के अध्यक्ष एवम कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पार्षद इंजी. रूद्रेश तिवारी फोरम की गतिविधियों से श्रोताओं को अवगत कराया। सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया 101 साल का यशस्वी जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि सम. विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितंबर 1861 को चिकलपुर (मैसूर) जिले में गरीब ब्राम्हण परिवार में हुआ। 1930 में मुंबई विश्वविद्यालय में डॉक्रेट की मानद उपाधि प्रदान की। अंग्रेज सरकार ने उन्हें सर का खिताब दिया। आजादी के बाद भारत शासन ने देश के बहुआमी विकास में उनके दिव्य योगदान को सराहते हुये उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इंजी. पवार ने बतलाया कि सर के जीवित रहते हुये भारत सरकार ने 15 पैसे का एक डाक टिकिट निकाला। 14 अप्रैल 1962 को उनकी मृत्यु हुई। विश्वेश्वरैया को भारत में प्रौद्योगिकी का जनक कहा जाता है। कार्यक्रम का संचालन इंजी. राजेश सिह ठाकुर ने किया। मप्र डिप्लोमा एसोसिएशन के संरक्षक इंजी. एल.के. डेहरिया कोषाध्यक्ष इंजी.सोहित साहू, उप सचिव इंजी.पीएल अहिरवार, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, लेखक कविजनो का स्वागत किया। कार्यक्रम में इंजी. जीपी अठ्या, इंजी. साकेत नगरिया, इंजी. संजय मिश्रा, इंजी. प्रवीण गुप्ता, इंजी. बीडी बिलैया, इंजी. एसएल जावरे, इंजी. केसी कोरी, इंजी. मनीष जैन, इंजी. के के सोनी, इंजी. आरबीएस बुंदेला, इंजी. एलएल सोनी, सेवानिवृत्त इंजी. एसो. मप्र डिप्लोमा एसोसिएशन एवं जिला इंजी. फोरम के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## जर्जर हो चुके पुलों की बढ़ाई जाये ऊंचाई

**तेंदूखेड़ा-** तेंदूखेड़ा से इमझिरा और डोभी होकर बरमान जाने वाले सड़क मार्ग पर इमझिरा के समीप बरांझ नदी और डोभी के समीप पांडाझिर नदी पर बने पुल अपनी उम्र दराज पूर्ण कर लेने के उपरांत अब जर्जर होकर अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। कभी भी धराशाई होने के साथ गंभीर हादसों को आमंत्रण भी देने लगें हैं।इन दोनों नदियों पर बनें पुलों की ऊंचाई बहुत ही कम है, थोड़ी सी वारिश में आने वाले बाढ़ के पानी के कारण पुलों के ऊपर से पानी हो जाने के कारण सड़क मार्ग बंद हो जाता है।इस मार्ग के लोगों को घूम कर आवागमन करना पड़ता है।

**'निकल आये है बड़े बड़े गड्ढे'-** इमझिरा के समीप बरांझ नदी पर बने पुल की यह स्थिति बनी हुई है कि इनमें बढ़े बढ़े गड्डे निकल आये है जिसमें छोटे बाहन चालकों को रात्रि में आवागमन के दौरान परेशानी हुआ करती है। अनेकों बार गड्ढे बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर टेक्ट्रर ट्रालियां भी पलट चुकी है।असमय मौतें हो चुकीं है। छोटी कारों के चाक पर इन गड्ढों में फंस जाने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।समय समय पर जैसे तैसे इन गड्ढों को भर दिया जाता है लेकिन कुछ समय बाद पुनः वही स्थिति बन जाती है। कुछ समय पूर्व एक हिस्सा टूट भी गया था लेकिन उसमें वोल्डर पत्थर भरकर पुनः बना दिया गया लेकिन अब फिर वही स्थिति बनने लगी है। आखिर ऐसा कब तक चलेगा।

**'हो रहा है मिट्टी का कटाव'-** पिछले कई दिनों से देखने में आ रहा है कि बरसात के दौरान बाढ़ के पानी से नदी का कटाव बड़ी मात्रा में होता चला जा रहा है। जिससे पाट काफी चैड़ा हो रहा है और बाजू से बनें पुल के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है।इस कटाव से ऊपर ग्राउंड और शवदाह गृह के लिए भी भविष्य में परेशानी के साथ जगह कम पड़ने लगेगी।समय रहते इन पुलों की ऊंचाई नहीं बढ़ाई गई तो आने वाले समय में और भी परेशानियां जन्म ले लेंगी। बरमान से तेंदूखेड़ा तक सड़क चैड़ी करण के दौरान इन दोनों पुलों के निर्माण ऊंचाई बढ़ाने को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया था लेकिन सेतु निगम द्वारा इस विषय पर अपनी सहमति प्रदान नहीं की। क्षेत्रीय लोगों ने तत्काल प्रभाव से इन दोनों पुलों की ऊंचाई बढ़ाने की दिशा में उचित कार्यवाही की मांग की है।



## रेवा साहित्य मंच कौडिया की मासिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

रेवा साहित्य मंच कौंड़यिा की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन स्थानीय मरहई माता मन्दिर में किया गया। फाग कवि शंकर लाल बैरागी के मुख्यतिथ्य मे गोष्ठी की शुरूआत सरस्वती पूजन व बृन्दावन बैरागी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से आरंभ किया वहीं युवा कवि तरुण अभ्यास शान्ति हित संहार करना चाहिए था । कविताओं से शमा बांधा । काव्य गोष्ठी का संचालन कर रहे गजल कार पोसराज अकेला ने लाश अपनी ढोयेगे ये लोग सारे । रचना प्रस्तुत की वहीं शंकरलाल बैरागी ने कवित्त ब्रज मे आई पूतना नारी । सुनाकर वाहवाही लूटी। वरिष्ठ कवि पी एस पुराणीया ने चलो बुलावा आया है। छंद कवित्त सुनाये। वयोवृद्ध रचनाकार सीताराम नवगैंया ने येसी पूजा कौं का करना। कविता सुनाकर भक्ति भावों को उकेरा। रवीदास नवगैंया ने गुरु वन्दना प्रस्तुत की। चंद्र भान मालवी ने संकलित कविता सुनाकर वाहवाही लूटी रेवा साहित्य मंच के संयोजक बृन्दावन कृष्णा ने हवाओं मे हूँ फिजाओं में हूँ, में सत्य की हुंकार हूँ। कविता से भाव व्यक्त किये । श्रोताओं के रुप मे बैठे वेदांत आलोक आदित्य की उपस्थिति प्रशंसनीय रही। कविवर बृन्दावन बैरागी के आभार प्रदर्शन के साथ गोष्ठी सम्पन्न हुई।

# न्याय महाअभियान की कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 15 नवम्बर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान का शुभारंभ किया गया है। देश के 18 राज्य की 75 विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अधोसंरचना विकास एवं सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने के लिये यह योजना 3 वर्ष तक क्रियान्वित की जावेगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत 09 मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वयित की जाने वाली 11 गतिविधियों जैसे सबका पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव- गांव तक सड़क, हर घर बिजली शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज गांव तक मोबाईल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूरदराज गांव तक मोबाईल नेटवर्क के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है। इसके लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बैठक ली। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह भिलमाढाना, कोटरी, हींगपानी व बड़ागांव में कैम्प आयोजित कर इन सभी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। इस कैम्प में संबंधित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं उनका स्टाफ मौजूद रहेगा। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय अभियान मिशन के तहत पीवीटीजी जिला विकासखण्ड एवं बसाइट स्तर पर 25 दिसम्बर से 2 जनवरी 2024 तक आईईसी गतिविधियां संचालित की जानी है। इसके लिये कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा जिले के इन ग्रामों में नोडल अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा इन्हे निर्देशित किया गया है कि 2 जनवरी तक प्रत्येक दिन शिविर आयोजित कर 11 गतिविधियों के अतिरिक्त जिन योजनाओं से वंचित भारिया परिवारों को लाभान्वित किया जाना है। उनमें प्रमुख रूप से आधार कार्ड, पीएम गरीब कल्याण, अन्न योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम सुरक्षित मातृ अभियान, सिकलसेल मिशन, राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन प्रोग्राम सम्मिलित है, से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। उपरोक्त गतिविधियों के सुचारू क्रियान्वयन के लिये प्रत्येक विकासखण्ड के सीईओ जिला पंचायत को नोडल अधिकारी एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं शिविर आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। ग्राम पंचायत के सचिव/ रोजगार सहायक निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों का डेटा संकलित करेंगे। संबंधित विभाग जिनका उक्त सेवायें प्रदान करनी है, वे उक्त दिनांको में शिविर में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को उपस्थित करवाकर वंचित हितग्राहियों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।